# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

विज्ञप्ति संख्या – पी0आर0 421/2023

**(i) माध्यमिक स्तर के विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों की डायरेक्टरी को ऑनलाईन अद्यतन (Update) एवं अपलोड करने हेतु दिनांक 15.12.2023 तक अवधि विस्तार करने के संबंध में विद्यालय प्रधान के लिए आवश्यक सूचना।**

**(ii) शिक्षा विभाग द्वारा नवनियुक्त शिक्षक कृपया ध्यान दें**

एतद् द्वारा माध्यमिक स्तर की शिक्षा प्रदान करने वाले मान्यता प्राप्त विद्यालयों के प्रधान, कार्यरत शिक्षक, नवनियुक्त शिक्षक, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (माध्यमिक) तथा जिला शिक्षा पदाधिकारी को सूचित किया जाता है कि आगामी वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2024 की उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन एवं परीक्षा से संबंधित विभिन्न गोपनीय कार्यों के उद्देश्य से माध्यमिक स्तर के शिक्षक डायरेक्टरी को अद्यतन (Update) करने हेतु **विज्ञप्ति संख्या–पी0आर0 397/2023 के माध्यम से समिति की वेबसाईट teach.biharboardonline.com पर कार्यरत शिक्षकों की विवरणी अद्यतन (Update)/अपलोड करने हेतु दिनांक 28.11.2023 तक अवधि विस्तारित की गई थी।** परन्तु समीक्षा के क्रम में पाया गया है कि अभी भी कतिपय विद्यालयों के प्रधान द्वारा अपने विद्यालय में अद्यतन रूप से कार्यरत शिक्षकों की सूची/विवरणी ऑनलाईन अद्यतन/अपडेट नहीं किया गया है।

2. उल्लेखनीय है कि कतिपय ऐसे शिक्षक जो कई वर्षों से अध्यापन का कार्य कर रहे थे, का शिक्षा विभाग द्वारा वर्ष 2023 में आयोजित अध्यापक परीक्षा के माध्यम से चयन किये जाने के कारण उनके द्वारा अब दूसरे जिला/विद्यालय में नियुक्ति के आधार पर योगदान किया गया है। शिक्षक डायरेक्टरी के अद्यतीकरण के लिए यह आवश्यक है कि ऐसे शिक्षकों से उनके नियुक्ति के विद्यालय प्रधान द्वारा उनके पूर्व में अध्यापन कार्य के विषय में घोषणा पत्र प्राप्त कर समिति के उक्त वेबसाईट पर विहित प्रपत्र के स्तंभ 09 से 21 में अनिवार्य रूप से अपलोड/अद्यतन कर लिया जाय। इसलिए ऐसे नवनियुक्त शिक्षकों की विवरणी निम्नांकित विहित प्रपत्र में अद्यतन/अपलोड किया जाना आवश्यक है :–

**LIST OF WORKING TEACHERS IN SECONDARY SCHOOL**

**DISTRICT :**
**SCHOOL CODE :** **CATEGORY OF SCHOOL :** (01-RAJKIYA, 02-RAJKIYAKRIT, 03-ALP SANKHYAK, 04-PROJECT, 05-AWASIYA, 06-SWATWADHARAK PRASWIKRIT, 07-ASTHAPNA ANUMATI, 08-UTKRAMIT, 09-RECOGNISED +2)
**NAME OF SCHOOL & FULL ADDRESS WITH PIN CODE :**
**LEVEL OF SCHOOL (SECONDARY/SENIOR SECONDARY) :**
**NAME OF H.M/PRINCIPAL :** Contact No. E mail Id-

| S.N. | Name of Teacher | Gender | Qualification | Subject of Hon's in Graduation | Subject (s) of Post Graduation (Optional) | | Date of Joining in Service |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | PG-1 | PG-2 | |
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 | 08 |

| DETAILS OF TEACHING EXPERIENCE | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Previous | | | | | | | Current | | | | | | Date of Birth |
| District | School Code | Name of School | Subject of Appointment | Designation | Date of Joining | Date of Leaving | District | School Code | Name of School | Subject of Appointment | Designation | Date of Joining | |
| 09 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 |

| Date of Retirement | Mobile No. | E-Mail ID (Optional) | BANK A/C DETAIL | | | Aadhar No. (Optional) | Upload Scan Passport Size Photo of Teacher (20KB-50KB) | Upload Scan Full Signature of Teacher (10KB-20KB) | Remarks | Status |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Bank A/C No. | Bank Name | IFSC Code | | | | | |
| 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 | 31 | 32 | 33 |

**Full Sigature of Principal & Seal**

3. वर्णित आलोक में नव नियुक्त शिक्षक सहित अन्य सभी शिक्षकों की सूची/विवरणी को ऑनलाइन समिति की वेबसाइट **teach.biharboardonline.com** पर अद्यतन (Update)/अपलोड करने हेतु **दिनांक 15.12.2023** तक के लिए पुन अवधि विस्तारित की जाती है। साथ ही वैसे विद्यालय के प्रधान, जिनके द्वारा कार्यरत शिक्षकों की सूची ऑनलाईन अद्यतन (Update)/अपलोड नही की गई है, को निदेशित किया जाता है कि ऐसे शिक्षकों की सूची निर्धारित समयावधि के अंदर अनिवार्य रूप से ऑनलाईन अद्यतन (Update)/अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे।

4. **स्पष्ट किया जाता है कि केवल मान्यता प्राप्त विद्यालयों के प्रधान द्वारा ही वैध शिक्षकों की विवरणी ऑनलाईन अद्यतन/अपलोड किया जाएगा। जिन विद्यालयों की मान्यता/संबद्धता रद्द/निलंबित/वापस ले ली गयी है, वैसे विद्यालयों से वांछित विवरणी कदापि अद्यतन/अपलोड नहीं किया जायेगा।**

5. विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि जिस विद्यालय के प्रधान द्वारा निर्धारित तिथि 15.12.2023 तक शिक्षकों की सूची समिति की वेबसाईट पर अद्यतन (Update)/अपलोड नहीं किया जाएगा, उनके विरूद्ध कठोर कार्रवाई करने की अनुशंसा सक्षम प्राधिकार को भेज दिया जाएगा और इसके कारण उत्पन्न होने वाली किसी भी समस्या के लिए विद्यालय के प्रधान स्वयं जिम्मेवार होंगे।

6. सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी, बिहार से अनुरोध है कि माध्यमिक स्तर के सभी विद्यालय प्रधान को अपने विद्यालय में कार्यरत शिक्षकों की सूची/विवरणी को अनिवार्य रूप से ऑनलाईन अद्यतन (Update)/अपलोड करने हेतु अपने स्तर से सख्त स्पष्ट निदेश देने की कृपा करेंगे।

7. विज्ञप्ति संख्या–पी0आर0 325/2023 के शेष निदेश यथावत् रहेंगे।

परीक्षा नियंत्रक (माध्यमिक)

सकता है।

7. विज्ञप्ति संख्या–पी0आर0 310/2023 के शेष निदेश यथावत् रहेंगे।

Scanned with CamScanner